सूचना और प्रसारण मंत्रालय

न्यूज ऑन एआईआर रेडियो लाइव स्ट्रीम ग्लोबल रैंकिंग

न्यूज ऑन एआईआर पर फिनलैंड से रूस तक एआईआर पंजाबी का ट्रेंड

Posted On: 29 APR 2022 4:51PM by PIB Delhi

न्यूज ऑन एआईआर के नवीनतम रैंकिंग डाटा से यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक भू-राजनीतिक विषयों पर भारत की आवाज के रूप में ऑल इंडिया रेडियो की प्रासंगिकता प्रमुख रूप से बनी हुई है। रैंकिंग डाटा से पता चला है कि ऑल इंडिया रेडियो की पंजाबी सेवा 'एआईआर पंजाबी' जारी रूस-उक्रेन तनाव के बीच रूस में काफी लोकप्रिय है। इसकी लोकप्रियता अमेरिका, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड में भी बढ़ रही है।

विश्व के शीर्ष देशों (भारत को छोड़कर) की नवीनतम रैंकिंग में जहां न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा तथा ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बने हुए हैं। शीर्ष सूची में नेपाल के स्थान पर कुवैत ने वापसी की है।

विश्वभर में शीर्ष ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीमों में (भारत को छोड़कर) एआईआर कराइकल, एआईआर कोडाईकनाल तथा वीबीएस दिल्ली शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं, जबकि एआईआर पुणे, एआईआर न्यूज 24x7 तथा एफएम गोल्ड मुंबई बाहर हो गए हैं।

आकाशवाणी की 240 से अधिक रेडियो सेवाएं प्रसार भारती की आधिकारिक ऐप न्यून ऑन एआईआर पर लाइव हैं। न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम के न केवल भारत में बल्कि विश्व के 85 से अधिक देशों में बड़ी संख्या में श्रोता हैं।

यहां भारत के अलावा शीर्ष देशों की एक झलक है, जहां न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर एआईआर लाइव स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं; विश्व के शेष हिस्सों में न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम शीर्ष पर हैं। इसका देशवार विवरण आप देख सकते हैं। यह रैंकिंग 1 मार्च से 31 मार्च तक के आंकड़ों पर आधारित है।

न्यूज ऑन एआईआर शीर्ष देश (शेष विश्व) की सूची के लिए यहां क्लिक करें-

***

एमजी/एएम/एजी/एचबी

(Release ID: 1821370) Visitor Counter : 126

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Punjabi